आईआईएम में वार्षिक व्याख्यान का आयोजन

रांची। बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आईआईएम में बिरसा मुंडा कैंटर का प्रथम वार्षिक व्याख्यान और नवनिर्मित छात्र डाइनिंग हॉल का लोकार्पण सोमवार को किया गया।

ऑफलाइन के साथ-साथ वर्चुअल मोड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावा मेयर आशा लकड़ा उपस्थित थीं। कार्यक्रम में आईआईएम रांची के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या, निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह और बिरसा मुंडा सेंटर फॉर ट्राइबल अफेयर्स के अध्यक्ष प्रो रंजिथ आर आदि मौजूद थे। अन्नपूर्णा देवी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया।

Hindustan, 16.11.2021, Pg. 08